# मैरिज गार्डन संचालकों की मनमानी से बेबस सरकारी सिस्टम

**खास बातें**

- आधा सैकड़ा से ज्यादा गार्डनों में नियमों की अनदेखी
- बिना परमिशन चल रहे मैरिज गार्डन बने लोगों की परेशानी का कारण



नवभारत न्यूज

**विदिशा 1 दिसम्बर,शहर में बिना अनुमति संचालित हो रहे मैरिज गार्डन लोगों के लिए बड़ी समस्या बनते जा रहे हैं. इन गार्डनों में रात देर तक तेज डीजे और आतिशबाजी के कारण आसपास रहने वाले नागरिकों को शोर-शराबे से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई मैरिज गार्डन न तो निगम से संचालन की अनुमति लेते हैं और न ही निर्धारित नियमों का पालन करते हैं.**

निवासियों का कहना है कि अवैध रूप से चल रहे इन गार्डनों में पार्किंग व्यवस्था अक्सर अव्यवस्थित रहती है, जिससे मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति बन जाती है. लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बिना परमिशन चल रहे मैरिज गार्डनों की जांच की जाए और नियमों का उल्लंघन कर रहे संचालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए. विदिशा शहर में कई ऐसे मैरिज गार्डन चल रहे हैं, जिन्हें न तो नगर पालिका की अनुमति मिली है और न ही ये निर्धारित नियमों का पालन करते हैं. बिना परमिशन चल रहे इन गार्डनों में देर रात तक तेज डीजे, आतिशबाज़ी और भीड़ के कारण आसपास के रहवासियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है.

### अधिकांश गार्डनों में नहीं है मैरिज गार्डन

स्थानीय लोगों का कहना है कि इन गार्डनों में पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं होती, जिसके चलते मुख्य सड़कों पर जाम की स्थिति बन जाती है. रात के समय शोर-शराबा इतना बढ़ जाता है कि बच्चों और बुजुर्गों की नींद तक खराब हो जाती है.हम लोग कई बार शिकायत कर चुके हैं. रात को बहुत तेज आवाज़ रहती है, और सड़क पर गाड़ियाँ खड़ी कर देते हैं, जिससे आवागमन भी रुक जाता है.नियम के मुताबिक मैरिज गार्डन संचालित करने से पहले निगम से अनुमति लेना अनिवार्य है.

### फायर सेफ्टी की अनदेखी, नहीं हो रही जांच

साथ ही फायर सेफ्टी, पार्किंग एरिया और साउंड लिमिट जैसी शर्तों का पालन करना होता है. लेकिन कई संचालक इन नियमों की पूरी तरह अनदेखी कर रहे हैं. शहर में बिना परमिशन चल रहे मैरिज गार्डन केवल नियमों की अनदेखी ही नहीं, बल्कि लोगों की दिनचर्या और सुरक्षा के लिए भी चुनौती बन रहे हैं. फिलहाल स्थानीय लोग उम्मीद कर रहे हैं कि प्रशासन जल्द कार्रवाई करेगा. लोगों की मांग है कि नियमों के अनुसार ही मैरिज गार्डनों को संचालन की अनुमति दी जाए, ताकि किसी तरह की अव्यवस्था या परेशानी न हो.

### पिछले साल किए थे सील

नियमों की अनदेखी कर संचालित हो रहे मैरिज गार्डनों की लगातार मिल रही शिकायतों पर पिछले साल नपा ने कई गार्डनों को सील करने की कार्यवाही की थी. जिसके बाद कुछ कुछ गार्डनों ने कुछ सुधार किए थे अब फिर वही हालात बन चुके हैं.

# स्कूल में छात्रा के पैर के अंगूठे पर चोट लगने का मामला गर्माया

**छात्रा के पिता ने एसडीएम से की शिकायत**

नवभारत न्यूज

**सिरोंज 1 दिसम्बर, क्षेत्र के ग्राम प्याराखेड़ी शाला में एक छात्रा को पैर के अंगूठे में चोट लगने के तथाकथित मामले में छात्रा के पिता ने स्कूल के एक शिक्षक पर छात्रा से मारपीट करने का आरोप लगाते हुए अनुविभागीय अधिकारी को एक शिकायती आवेदन दिया. मामले की जानकारी मिलने पर बीआरसी ने जनशिक्षक को जांच के लिए मौके पर भेजा. जांच के बाद ही मामले में सही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी. फिलहाल मामले में जांच की जा रही है.**

जानकारी के अनुसार छात्रा के पिता ने अनुविभागीय अधिकारी को दिये एक शिकायती आवेदन में आरोप लगाया कि प्याराखेड़ी शाला में कक्षा 4 में अध्ययनरत उनकी पुत्री से एक अतिथि शिक्षक ने सोमवार को स्कूल में झाड़ू पोछा करने की बात कही. उसके मना करने पर उसकी पिटाई करने तथा कुर्सी उसके पैर के अंगूठे पर पटकने का भी आरोप लगाया. वही मामले में अनुविभागीय अधिकारी ने जांच के निर्देश दिये है. बीआरसी जितेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में शिकायती आवेदन मिला है. जिसके बाद तत्काल जनशिक्षक को जांच के लिए भेजा गया है. जांच के बाद ही मामले में सही स्थिति सामने आ सकेगी. फिलहाल मामले की जांच की जा रही हैं.

## सीएमएचओ के खिलाफ दिया आवेदन

नवभारत न्यूज

**विदिशा**,सोमवार को सूचना का अधिकार कांग्रेस जिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शोभित अग्रवाल कलेक्टोरेट पहुंचे और कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी विदिशा के कार्यालय में संपूर्ण विदिशा जिले में सरकारी डॉक्टर द्वारा नियम विरुद्ध मेडिकल दुकानों के अंदर, पास और अपने आवास से अन्य जगह पर क्लिनिक संचालित के विरुद्ध शिकायती आवेदन दिया गया था, लेकिन आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं की गई. जिला कलेक्टर कार्यालय द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय को बार-बार लिखित रूप से कार्यवाही करने के लिए पत्र जारी करने पर भी जानबूझकर कार्यवाही में विलंब किया जा रहा है. समस रहते जांच कर कार्यवाही की जाती तो सिरोंज में मासूम बच्चे की जान बच सकती थी. क्योंकि बिना पंजीकरण के जो भी क्लिनिक, हास्पिटस संचालित हो रहे हैं वह जांच के दायरे में आते और संभवत यह क्लिनिक भी समय से पहले बंद हो जाता.

## इंटर स्कूल नॉक आउट क्रिकेट सीरीज का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** सेंटमेरी पीजी कॉलेज में 5 दिवसीय इंटर स्कूल नॉक आउट क्रिकेट सीरीज का शुभारंभ विधायक मुकेश टंडन के द्वारा किया गया. उन्होंने कहा कि यह बहुत सराहनीय कार्य है. प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री जी भी खेलों को बढ़ावा देने पर जोर दे रहे हैं.उन्होंने सभी खिलाड़ियों को सेंटमेरी कैप पहनाकर और खुद क्रिकेट खेल चौका मारकर इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया.डायरेक्टर फादर शिंटो ने कहा कि सभी विद्यार्थी स्वस्थ प्रतियोगिता के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ दें.प्रतियोगिता के पहले दिन दो मैच कराए गए जिसमें पहले मैच में सेंट मेरी स्कूल की टीम ने साकेत स्कूल की टीम को 113 रन से हराया तथा दूसरा मैच सेपियंस स्कूल तथा सीएम राइस सादीपनी स्कूल की टीम के बीच हुआ.जिसमें सीएम राइस स्कूल सांदीपनी स्कूल की टीम 23 रन से विजयह रही. कार्यक्रम में सेंट मैरी स्कूल के संचालक फादर सीजो, प्रिंसिपल सिस्टर थेरेसा, ट्रिनिटी स्कूल प्रिंसिपल सिस्टर जोशफिना, डीन फादर जोभी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित था.

## यह तो फुल दादागिरी है, कार को पहुंचाया नुकसान

**दुकान के सामने किया वाहन को पार्क, 25 हजार हो रहे खर्च**



नवभारत न्यूज

**विदिशा**, शहर के ही स्वर्णकार कालोनी से एक मामला सामने आया है जहां एक चार पहिया वाहन को एक दुकान के सामने खड़ी कर रात के समय एक दुकानदार के कर्मचारी ने दुकान के मालिक के कहने पर कार पर स्क्रैच बनाते हुए यह लिख दिया कि 'अब कभी भी गाड़ी यहां खड़ी मत लगाना' पेढ़ी चौराहा निवासी शुभम पुत्र जयराम शर्मा ने कोतवाली थाना प्रभारी के नाम शिकायती आवेदन दिया है जिसमे कहा कि 18 नबंवर की रात 9 बजे गुरुद्वारा स्थित एक होटर के पास बाबूलाल गुरूदयाल के बेटे ने अपने कर्मचारी से बोलकर गाड़ी पर पत्थर से स्क्रैच कर दिया और लिख दिया कि 'अब कभी भी गाड़ी यहां खड़ी मत लगाना' अब गाड़ी को ठीक कराने में करीब 25 हजार रुपए खर्च आ रहा है. फरियादी ने पुलिस ने मांग की है कि जिसके कहने पर गाड़ी को नुकसान पहुंचाया गया है उसके खिलाफ कार्यवाही की जाए.

## हिन्दू संगम यात्रा वाहन रैली में शामिल होने की अपील

नवभारत न्यूज

**विदिशा, सोमवार को सकल हिंदू समाज द्वारा एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया.इस अवसर पर मलखान सिंह ठाकुर, सुरेंद्र रघुवंशी, उपेंद्र धाकड़ ने बताया कि 3 दिसम्बर को श्री हनुमानजी मंदिर से यात्रा प्रारंभ होगी. यात्रा का उद्देश्य हमारे जो 5 परिवर्तन हैं उनको लेकर हिन्दुत्व जागरण हेतु यात्रा है. प्रत्येक नागरिक का धर्म है कि सामाजिक कर्तव्यों का निर्वहन करें और राष्ट्रहित में योगदान दें.**

उन्होंने कहा कि 6 से 14 साल के बच्चों को शिक्षा देना है.यह यात्रा 3 दिसम्बर को सुबह 11 बजे रंगई मंदिर से प्रारंभ होकर ग्राम ढोलखेड़ी चौराहा, खामखेड़ा-84, पीपलखेड़ा, सतपाड़ा, बंदिया पीपरी, रावन, खाईखेड़ा होकर नटेरन में रात्रि विश्राम कर अगले दिवस सेउ, पमारिया, आमखेड़ा, सांगुल वर्धा, डंगरवाड़ा, महानीम चौराहा होते हुए सूर्यनगर में संपन्न होगी. अपनी समस्याओं को लेकर हिन्दु समाज स्वयं सक्षम बनें उपरोक्त विषयों को लेकर ग्राम-ग्राम में कार्यक्रम के माध्यम से समस्त बिंदुओं को ध्यान में रखकर जागरण होना चाहिए, यह यात्रा का मुख्य उद्देश्य है.

## गौ तस्कर इमरान खान पर रासूका की कार्रवाई की मांग



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** सोमवार को हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने गौ तस्कर इमरान खान पर एनएसए की कार्रवाई की मांग करते हुए कलेक्टर अंशुल कुमार गुप्ता और एसपी रोहित काशवानी को ज्ञापन सौंपा है। इसमें कहा गया है कि धनोरा पठारी से आए दिन गो तस्करी करने वाले इमरान खान पिता फैज खान पर विदिशा एवं रायसेन जिले में कई गौ तस्करी के प्रकरण दर्ज हैं. पूर्व में एनएसए के तहत कार्रवाई भी हो चुकी है.अभी कुछ दिन पहले रायसेन पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है और अभी वर्तमान में वह रायसेन जेल में है. आरोपी लगातार गौ तस्करी कर रहा है. जिससे जिले का माहौल खराब होता है। इसलिए इमरान खान पर रासूका के तहत कार्रवाई की जानी चाहिए।ज्ञापन सौंपने बालों में शैलेश रघुवंशी, सौरभसिंह राजपूत, संजय प्रजापति,रविकांत शर्मा, सुरेंद्र कुशवाह, प्रियंक रघुवंशी, दीपक पाल ,अमन लोधी आदि मौजूद रहे

## बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में विदिशा का शानदार प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**विदिशा**, इंडियन बॉडी बिल्डिंग फेडरेशन के तत्वाधान में राज्य शरीर सौष्ठव संस्था और नगर निगम उज्जैन द्वारा आयोजित 36वीं वेस्टर्न जोन बॉडी बिल्डिंग चैंपियशिप में विदिशा के बॉडी बिल्डरों ने शानदार प्रदर्शन किया. जिला बॉडी बिल्डिंग विदिशा के 9 सदस्यीय दल ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लिया. दल के लिए सबसे गौरवपूर्ण क्षण तब आया जब उदय सिंह चौहान ने 55 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। वहीं, प्रियेश शर्मा ने 80 किलोग्राम भार वर्ग में अपनी ताकत का लोहा मनवाते हुए द्वितीय स्थान अर्जित किया. सुनील गोस्वामी ने 75 किलोग्राम भार वर्ग में कड़ा मुकाबला किया, पर उन्हें 5वें स्थान से संतोष करना पड़ा. इस उपलब्धि के साथ, प्रतियोगिता में विदिशा में बॉडी बिल्डिंग खेल को बढ़ावा देने के लिए अध्यक्ष अंशुल चौरसिया और सचिव पंकज भार्गव को सम्मानित भी किया गया.




## कल्लू ढाबे पर सब्जी की तरी को लेकर हुआ विवाद

**आरक्षक ने ढाबा संचालक पर कराया मुकदमा दर्ज**



नवभारत न्यूज

**विदिशा, सांची रोड स्थित कल्लू ढाबे पर रविवार की रात आरक्षक और ढाबा संचालक के बीच विवाद होने का मामला सामने आया है. बताया जा रहा है कि विवाद रात करीब 11 बजे हुआ है.प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो आरक्षक का सब्जी की तरी का अतिरिक्त बिल दिये जाने को लेकर विवाद हुआ.हालांकि कल्लू के ढाबे पर विवाद होना कोई नयी बात नहीं है.**

इस विवाद में जहां घायल हुये आरक्षक ने बिल और सब्जी की तरी को लेकर आपत्ति दर्ज करायी थी. जिस पर से यह विवाद शुरू हुआ था. यहां पर आरक्षक के साथ हुयी मारपीट के मामले में पुलिस ने ढाबा संचालक पवन अग्रवाल और आशीष के खिलाफ मारपीट समेत अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है. वहीं ढाबा संचालक की रिपोर्ट नहीं लिखी गयी.बताया गया कि आरक्षक आदित्य साहू भोजन करने पहुंचे.वहीं सब्जी की तली एक्स्ट्रा मांगने को लेकर भी विवाद होना बताया जा रहा है.जिसको लेकर आरक्षक आदित्य साहू ने आपत्ति जताई. इस बात पर विवाद शुरू हो गया. विवाद बढ़ने पर आरोप है कि ढाबा संचालक और उसके कर्मचारियों ने आदित्य साहू के साथ मारपीट की डंडे और धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे आरक्षक घायल हो गए.

## विश्राम दिवस पर नौलखी में उमड़ा भक्तिरस, गीता के ज्ञान-योग के संदेश से समापन

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** स्थानीय स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में सोमवार को पांच दिवसीय गीता जयंती महोत्सव के विश्राम दिवस पर श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा. विशाल सभा-परिसर भक्तों से खचाखच भर गया.गीता के समापन पर्व पर व्यास गादी से अत्यंत भावपूर्ण व ज्ञानप्रद प्रवचन देते हुए बताया गया कि गीता केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन का शाश्वत मार्गदर्शन है.

उक्त उद्गार स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में सनातन धर्म सेवा संस्थान के तत्वाधान में गीता जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहे पांच दिवसीय प्रवचन की श्रृंखला में सोमवार को समापन दिवस पर गीता मर्मज्ञ भागवताचार्य पंडित भगवान प्रसाद जी शास्त्री मानस रत्न ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए अपने अंतर्मन के भाव व्यक्त किए.शास्त्री जी ने प्रवचन के दौरान कहा कि मनुष्य जब कर्म को पूजा और जीवन को साधना मानकर चले, तभी उसका हर कदम धर्म हो जाता है.गीता हमें सिखाती है कि युद्ध जीवन का प्रतीक है.अंदर के संशय, मोह, भ्रम और भय ही हमारे वास्तविक कुरुक्षेत्र हैं. जो साधक 'स्वधर्म' और 'स्वभाव' को पहचान लेता है, वही अर्जुन की तरह ईश्वर की कृपा का अधिकारी बनता है.

## गीता के दिव्य एवं शाश्वत ज्ञान पर हुए विचार व्यक्त

नवभारत न्यूज

**कुरवाई,**विकासखंड कुरवाई में गीता जयंती के पावन अवसर पर सांदीपनी विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन भव्यता और उत्साह के साथ किया गया, जिसमें अनेक विद्वानों, समाजसेवियों एवं पदाधिकारियों के साथ-साथ विद्यालय परिवार एवं समस्त विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया. संचालन शिक्षक अभिषेक सिंह राजपूत ने किया. अध्यक्षता राजेश लोधी मंडल अध्यक्ष कुरवाई ने की. मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि दिनेश शर्मा, विशेष अतिथि तहसीलदार नागेश पवार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कमल सिंह बागड़ी, संदीप चौबे, अधिवक्ता ओम प्रकाश आर्य, नरेंद्र शर्मा मौजूद थे.



## वार्ड 9 में विधायक ने चलाया एसआईआर जागरूक अभियान

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** सोमवार को वार्ड 9 बक्सरिया क्षेत्र के आसपास घर घर में विधायक मुकेश टंडन भाजपा कार्यकर्ताओं और पार्षद के साथ एसआईआर फार्म समय पर भर कर जमा करने के लिए जागरूक अभियान चलाया. जिसमें वार्ड के घर घर पहुंच कर एसआईआर फार्म की जानकारी ली और सभी से अपील की भविष्य की परेशानी से बचने के लिए आप सभी अपने अपने फार्म जमा कर दें. क्योंकि मतदान का अधिकार सबको है और फार्म जमा न करने की स्थिति में किसी का नाम वोटरलिस्ट से न हटे. इसलिए हम स्वयं भी अपनी सहभागिता फार्म जमा करने में निभाए. कार्यक्रम में विदिशा विधायक मुकेश टंडन, मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाह, पार्षद प्रतिनिधि सूरत किरार, राजकुमार राय, पूर्व पार्षद बाबूलाल कुशवाह, लियाकत खान कल्लू भाई, आशीष पटेल, पूर्व पार्षद सुरेश मालवीय, कुंदन अहिरवार, रईस मामू, नारायण आर्य, अनिल रैकवार, मुकेश कुशवाह सहित अनेक कार्यकर्ता कार्यकर्ता शामिल थे.

**यादें....** **विदिशा पत्रकारिता के भीष्म पितामह अशोक मानोरिया पंचतत्व में विलीन**

# 50 साल के पत्रकारिता का सफर थमा, अब यादों रहेंगे मनोरिया



नवभारत न्यूज

**विदिशा, मध्य प्रदेश आंचलिक पत्रकार संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रेस क्लब विदिशा के पूर्व अध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकार अशोक मानोरिया का 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया. उनके निधन से पत्रकारिता जगत में गहरा शोक व्याप्त हो गया है. स्वर्गीय श्री मनोरिया एवं उनके परिजनों की इच्छा अनुसार देह त्याग उपरांत उनके नेत्रदान किए. उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में पत्रकार, व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं नागरिक शामिल हुए.उनके पुत्र इंजीनियर आशीष मनोरिया ने** उन्हें मुखाग्नि दी.

### इंजीनियरिंग से पत्रकारिता की ओर अनोखी यात्रा

विदिशा की प्रतिष्ठित संस्था सम्राट अशोक अभियांत्रिकी महाविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग की उपाधि प्राप्त करने के बाद श्री मानोरिया ने टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, भोपाल में सहायक यंत्री के रूप में अपने करियर की शुरुआत की. सरकारी नौकरी धनार्जन का माध्यम नहीं, बल्कि जनसेवा का साधन मानते हुए उन्होंने शीघ्र ही नौकरी छोड़कर पत्रकारिता को जीवन का उद्देश्य बनाया.

### पत्रकार एवं सामाजिक संगठनों के प्रमुख पदों पर रहे सक्रिय

श्री मानोरिया 1990, 1991-93 और 1995 में मध्य प्रदेश आंचलिक पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष रहे. वे जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ मध्य प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य और माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान के 9 वर्षों तक अध्यक्ष रहे.

### 1964 से विदिशा को राष्ट्रीय पहचान

वर्ष 1964 में नवभारत/सेंट्रल क्रॉनिकल के जिला प्रतिनिधि के रूप में उन्होंने सकारात्मक, निष्पक्ष और विश्लेषणात्मक पत्रकारिता की नई परंपरा स्थापित की. उनकी लेखनी ने विदिशा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई. बाद में उन्होंने नवभारत टाइम्स और समाचार भारत में भी महत्वपूर्ण सेवाएँ दीं.

### पत्रकारिता के साथ वे समाजसेवा में भी निरंतर सक्रिय रहे

रेड क्रॉस सोसायटी, रोटरी क्लब, रोगी कल्याण समिति, जिला उद्योग संघ, पुरातत्व समिति, जिला क्रिकेट संघ तथा दिगंबर जैन समाज सहित कई संस्थाओं से वे जुड़े थे. इसके अतिरिक्त उन्होंने स्पेक्ट्रम पेंट्स उद्योग की स्थापना कर अनेक युवाओं को रोजगार प्रदान किया.

### सम्मानों और उपलब्धियों से सजा सफर

मूल्य आधारित पत्रकारिता और सामाजिक समर्पण के चलते उन्हें कई सम्मान मिले-माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता पुरस्कार (1982) शरद जोशी पत्रकारिता पुरस्कार (2008) जैन रत्न उपाधि सांची दिगंबर जैन ट्रस्टद्व पवन जैन विद्रोही स्मृति सम्मानद्व रतन सी शाह स्मृति न्यास सम्मान से नवाजा गया वे 50 वर्षों से अधिक समय तक राज्य स्तरीय अधिमान्य पत्रकार रहे और अधिमान्य पत्रकार समिति के सक्रिय सदस्य थे. वहीं श्री मानोरिया ने विदिशा के इतिहार और विदिशा से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियों से संबंधित एक पुस्तक का प्रकाशन विदिशा नाम से प्रकाशित की थी.

### पत्रकार समाज ने जताया शोक

प्रेस क्लब विदिशा एवं जिले के समस्त पत्रकारों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है. पत्रकार समाज ने कहा कि श्री अशोक मानोरिया ने अपनी सादगी, निष्पक्षता और मूल्यनिष्ठ पत्रकारिता से नई पीढ़ी के लिए आदर्श प्रस्तुत किया है.

**कार्यालय भारतीय रेडक्रास सोसायटी, जिला विदिशा**
redcross.societyvds91@gmail.com

**:: वाहन नीलामी सूचना::**

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा विदिशा द्वारा तीन अनुपयोगी (कंडम) वाहन - हाईवे एंबुलेंस, मारुति वैन एवं टेंपो ट्रेक्स की नीलामी की जा रही है।

**स्थान: दो वाहन - पुराना जिला चिकित्सालय, नई नगर पालिका परिसर के पीछे एवं एक वाहन देहात थाना परिसर**

**शर्ते लागू:**

1. वाहन पूर्णत: कंडम स्थिति में हैं खरीदार को वाहन उसी स्थान से उसी स्थिति में उठाना होगा।
2. नीलामी हेतु रूपये 5000/- (रिफंडेबल) राशि के साथ टेंडर 06.12.2025 शनिवार शाम 5 बजे तक सचिव कार्यालय में जमा करें। केवल रसीदयुक्त टेंडर ही मान्य होंगे।
3. सभी शर्ते भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, जिला शाखा विदिशा की अनुसार मान्य रहेंगी।

**सचिव**
**भारतीय रेडक्रास सोसायसी जिला विदिशा (म.प्र.)**
**मोबाइल:- 9425149837**